**राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान**

**माध्यमिक पाठ्यक्रम : हिंदी**

**पाठ-6: 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ'**

**कार्यपत्रक-6**

1. कल्पना चावला द्वारा वैमानिकी विषय चुनने पर उनके सहपाठियों की क्या प्रतिक्रिया थी? क्या आपको भी कभी अपने किसी निर्णय पर इसी प्रकार की स्थिति झेलनी पड़ी। यदि हाँ, तो अपना कोई अनुभव साझा कीजिये ।

2. भारत में एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अध्ययन की क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं? बिन्दुवार लिखिए और इसकी जानकारी अपने मित्रों को भी दीजिये।

3. बचेंद्री पाल के परिवार में लड़का-लड़की के पालन-पोषण में बरते जाने वाले पक्षपात को किसी घटना के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

4. 'भारतीय नारियों ने प्राचीन और आधुनिक दोनों ही कालों में समाज के लिए योगदान दिया है'। 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' के आधार पर इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

5. क्या आपको लगता है कि विकास के अवसरों पर स्त्री और पुरुष दोनों का समान अधिकार है? अपनी सहमति अथवा असहमति तर्क सहित स्पष्ट कीजिये ।

6. आपकी दृष्टि में क्या पाठ का शीर्षक 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' उपयुक्त है? अपनी सहमति अथवा असहमति तर्क सहित स्पष्ट कीजिये ।

7. बचेंद्री पाल का संघर्ष भारत के अधिकांश मध्यवर्गीय परिवारों की बेटियों का संघर्ष है। इस कथन की समीक्षा कीजिये।

8. 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' फीचर शैली में लिखा गया पाठ है। अपने ऐसे ही किसी आत्मविश्वासी ,दृढ़ निश्चयी और प्रेरक परिचित व्यक्तित्व पर एक फीचर लिखिए।

9. बचेंद्री पाल के बाद पर्वतारोहण के क्षेत्र में यश अर्जित करने वाली भारत की अन्य बेटियों के बारे में जानकारी एकत्र करके अपने शब्दों में लिखिए।

10. आपके एक मित्र पर्वतारोहण क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं। इस संबंध में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करें और मित्र को पत्र लिखकर सूचित करें ।